# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात के अहमदाबाद में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम 'नमोत्सव' को संबोधित किया

## मोदी जी का जीवन किस तरह से लोगों को प्रेरित कर रहा है, 'नमोत्सव' उसकी प्रस्तुति है

## आज एक ऐसे व्यक्ति के जीवन, कर्त्तव्य और सिद्धांत का वर्णन हो रहा है, जिन्होंने सभी भारतीयों के मन में 2047 तक देश को विश्व में हर क्षेत्र में सर्वप्रथम बनाने का विश्वास भरा है

## 11 साल में 27 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाने का मोदी जी का गरीब कल्याण का यज्ञ उन्हें महान नरेन्द्र मोदी बनाता है

## एक गरीब परिवार से आने वाले मोदी जी का 29 देशों के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित होना उनके साथ ही देशवासियों का सम्मान है

## मोदी जी ने अपने जीवन को गरीब कल्याण के रास्ते पर ले जाकर करोड़ों गरीबों के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया

## जिस व्यक्ति के पास अपना एक कमरा भी नहीं है, उन्होंने पिछले 11 साल में भारत के चार करोड़ लोगों को घर दिया है

## मोदी जी ने देश के 60 करोड़ गरीबों को घर, बिजली, शौचालय, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी चिंताओं से मुक्त किया है

## गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में मोदी जी का कार्यकाल पूरे देश के सामने सुराज्य का उत्कृष्ट और आदर्श उदाहरण बन गया

# 24 वर्षों के अपने सार्वजनिक जीवन में मोदी जी ने एक भी दिन न छुट्टी ली और न ही आराम किया, वे अहर्निश जनता की सेवा कर रहे हैं

प्रविष्टि तिथि: 28 DEC 2025 9:49PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात के अहमदाबाद में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम 'नमोत्सव' को संबोधित किया।




इस अवसर पर केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज एक कलात्मक प्रस्तुति के माध्यम से एक ऐसे व्यक्ति के जीवन, कर्तव्यों और सिद्धांतो का वर्णन हो रहा है जिसने मात्र 11 वर्षों में 140 करोड़ भारतीयों के मन में 2047 तक भारत को विश्व में हर क्षेत्र में सर्वप्रथम बनाने का विश्वास भरा है। उन्होंने कहा कि ऐसा करना सिर्फ तभी संभव है जब उस व्यक्ति ने अपना पूरा जीवन इस लक्ष्य की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करने, अपने प्रयासों को सफल

बनाने के लिए अनेकानेक प्रयोग करने और देशभर में उस विचार के साथ सहमत लाखों लोगों की टीम बनाने में लगाया हो। श्री शाह ने कहा कि उस व्यक्ति अर्थात देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जीवन पर नमोत्सव की रचना का विचार आया।

श्री अमित शाह ने कहा कि जब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने जीवन के 75 साल पूर्ण किए, तब देश और दुनिया के कई लोगों ने सुझाव दिए कि इस अद्‌भुत व्यक्तित्व, जीवन और उनके जीवन की अद्‌भुत यात्रा को लोगों तक कैसे पहुँचाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी का जीवन किस प्रकार लोगों के जीवन की प्रेरणा बना, उसे लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया और आज यह नमोत्सव उसी के परिणाम के रूप में हम सबके सामने है।




केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि लगातार तीन दिन तक यहाँ समाज के अलग-अलग क्षेत्रो के विशेषज्ञ और अन्य लोग आएंगे और नमोत्सव को देखेंगे। उन्होंने कहा कि यह यात्रा एक बहद गरीब घर में अपना बचपन बिताने वाले एक सामान्य चाय वाले के परिवार के बच्चे, जो आज 140 करोड़ लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं की उम्मीद का प्रतीक बन गया है, उसकी यात्रा की कहानी है। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति जो बहुत गरीबी से बाहर आया, उसे आज दुनिया के 29 देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है। श्री शाह ने कहा कि यह सम्मान भारत के प्रधानमंत्री और भारत की 140 करोड़ जनता का सम्मान है, जो दुनिया के 29 देशों से

प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि जब एक व्यक्ति दुनिया के 29 देशों द्वारा सम्मानित हो, तब वह व्यक्तित्व कई लोगों को प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि नमोत्सव, बच्चों, युवाओ, सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ताओं के लिए एक नई प्रेरणा लेकर आया है।

श्री अमित शाह ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी जी एक ऐसे व्यक्ति हैं जो अपनी नीयत और निष्ठा से नेता बने हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी ने नीतिनिर्माण और उनका अनुसरण भी नीयत से किया है। उन्होंने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी जी एकमात्र ऐसे नेता हैं जो नीयत, दृढ इच्छाशक्ति और लोगों का भला करने की इच्छा के आधार पर सर्वोच्च स्थान पर पहुंचे हैं। श्री शाह ने कहा कि एक विशिष्ट प्रकार का नेतृत्व, बचपन से लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक, भारतीय जनता पार्टी के संगठन मंत्री, देश में लाखों कार्यकर्ताओं के जीवन में कार्यसंस्कृति का बीज बोने वाले नेता, यह सब उनके जीवन के पहले हिस्से में हुआ।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी जी का जीवन भयानक गरीबी में बीता, लेकिन उन्होंने कटुता की जगह अपने जीवन को गरीब कल्याण के रास्ते पर बढ़ाकर करोड़ों गरीबों के कल्याण करने का मार्ग अपनाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी इस देश के 60 करोड़ गरीबों के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन लेकर आए हैं। गरीब को घर, पीने का शुद्ध पानी, शौचालय, बिजली, गैस सिलिंडर, 5 लाख तक की मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं और प्रति व्यक्ति प्रति माह पांच किलो मुफ्त अनाज, बच्चों की पढाई की व्यवस्था, प्रधानमंत्री मोदी जी इन सभी चिंताओं से सिर्फ 11 साल में ही देश के 60 करोड़ गरीबों को बाहर ले आए हैं। श्री शाह ने कहा कि 11 साल में ही प्रधानमंत्री मोदी जी देश के 27 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर ले आए हैं। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण का यह यज्ञ, एक गरीब घर में जन्मे श्री नरेन्द्र मोदी जी को महान नरेन्द्र मोदी बनाने तक पहुंचा है।



श्री अमित शाह ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 7 अक्टूबर, 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली और इसी के साथ सार्वजनिक जीवन में उनके जीवन का दूसरा चरण शुरू हुआ। मुख्यमंत्री बनने के बाद पहले ही दिन श्री नरेन्द्र मोदी जी ने एक रेकॉर्ड बनाया कि आज तक भारत के इतिहास में कोई ऐसा व्यक्ति नहीं है जिसने सरपंच का चुनाव भी न जीता हो और राज्य का मुख्यमंत्री बन गया हो। श्री शाह ने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में श्री नरेन्द्र मोदी जी का कार्यकाल पूरे देश के सामने सुराज्य कैसे लाया जा सकता है, उसका उत्कृष्ट और आदर्श उदाहरण बन गया। उन्होंने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी जी ने गुजरात का मुख्यमंत्री बनने के बाद अपनी पद्धति से बिजली की समस्या को जड़ से दूर करने के लिए ज्योतिग्राम योजना लागू की। इसके परिणामस्वरूप भारत में पहली बार गुजरात के सभी गांवों में 24 घंटे बिजली पहुंचाने का कार्य देश के वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि 07 अक्टूबर, 2001 से 28 दिसंबर, 2025 तक के 24 वर्षों के अपने सार्वजनिक जीवन में श्री नरेन्द्र मोदी जी ने एक भी दिन न छुट्टी ली और न आराम किया, सिर्फ अहर्निश जनता की सेवा के लिए मेहनत की है। उन्होंने कहा कि 24 साल में एक भी छुट्टी और एक भी दिन आराम के बिना अहर्निश मां भारती को सर्वोच्च स्थान पर बिठाने की इच्छा की पूर्ति के लिए यात्रा पर निकला यह मानव, आज पूरे देश के किशोर, युवा और बच्चों के लिए निश्चित रूप से प्रेरणास्रोत है। श्री शाह ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी जी के पास रहने के लिए अपना एक कमरा भी नहीं है, ऐसा पारदर्शी उनका जीवन है। श्री शाह ने कहा कि जिस व्यक्ति के पास अपना एक कमरा भी नहीं है, उस व्यक्ति ने पिछले 11 साल में भारत के चार करोड़ बेघर लोगों को उनका अपना घर देने का काम किया है।

*****

**आरके / आरआर / पीआर**

(रिलीज़ आईडी: 2209305) आगंतुक पटल : 554
इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English